THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"
AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

| DATE- /11 /2023<br>GRADE- 9 AB | MT-2 [2023 -24 ]<br>HINDI [2ND Language] | Max marks- 20<br>Time –50 mins |
|---|---|---|

सामान्य निर्देश :
1. निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए |
2. प्रश्नों के उत्तर अंक अनुसार व क्रमानुसार दीजिए |

| प्रश्न | | अंक |
|---|---|---|
| | नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | |
| | बीसवीं शताब्दी का उत्प्रेरक तथ्य अनियंत्रित विकास, उपभोगवादी समाज, राजनीतिक भौतिकवाद तथा आध्यात्मिक अवमूल्यन है। इस अस्वाभाविक विकास ने पवित्र बोध को लोकोत्तरता द्वितीय वास्तविकता की ओर प्रवृत्त किया है कि जैविक के रूप से, लोकोत्तरता मानवीय जीवन का ही हिस्सा है। शताब्दी के अंत में यह अत्यावश्यक बल के साथ स्पष्ट हुआ कि प्रबुद्ध बुद्धिवाद की प्रथम वास्तविकता तथा लोकोत्तर की द्वितीय वास्तविकता का मनुष्य की श्रेष्ठ स्थिति में संश्लेषण किया जाना चाहिए। यथातथ्य मूल्य हमारा विवरण देते हैं, ये हमारी नैतिकता के हैं का चित्रण करते हैं, ये एस्ट मूल्य हैं (लैटिन भाषा में एस्ट का अर्थ है होता है)। आदर्श मूल्य हमें यह बताते हैं कि हमें क्या होना चाहिए ये एस्टो मूल्य हैं (लैटिन भाषा में एस्टो का अर्थ है जो होना चाहिए)। दोनों को हमारी चेतना के उतार चढाव का भाग होना चाहिए। नित्य नया विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी और शाश्वत विश्वास एक ही निश्चयात्मकता के दो रूप हैं. यानि वे मानव की संपूर्णता, उसकी जीवटता का साहस और पारमार्थिक सत्ता में उसकी भागीदारी है।<br>विज्ञान के भौतिक आधार धराशायी हो गए हैं। विज्ञान ने स्वयं सिद्ध कर दिया है कि दव्य ही ऊर्जा है, तथ्यों के समान ही प्रक्रियाएँ वैध हैं, और उसने यह भी सिद्ध कर दिया है कि ब्रहमा अभौतिक है। नई शताब्दी में वैज्ञानिक और मानवीय दोनों संस्कृतियों साधारण दृष्टिकोण को पुनः स्थापित करेंगी और वैज्ञानिक समझ की आधारशिला बनेंगी। उससे इस पौराणिक मत को एक नया अर्थ मिलेगा कि प्रकृति का आधार गुणात्मक और मात्रात्मक है मानवीय उद्यम मानवीय सरोकारों के प्रति गैर जिम्मेदार नहीं हो सकते हैं। | |
| 1 | गद्यांश में चर्चित समस्या समय रूप से किस पर विचार करती है?<br>(क) उपभोक्तावाद (ख) भौतिकवाद<br>(ग) आध्यात्मिक अवमूल्यन (घ) उपर्युक्त सभी | 1 |
| 2 | गद्यांश में यथातथ्य मूल्यों का अभिप्राय है-<br>(क) क्या है (ख) क्या होना चाहिए<br>(ग) क्या हो सकता है (घ) कहाँ | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | गद्यांश के अनुसार प्रथम वास्तविकता' में क्या सम्मिलित होता है?<br>(क) आर्थिक समृद्धता (ख) राजनीतिक विकास<br>(ग) पावन बोध (घ) प्रमुख बुद्धिवाद | |
| 4. | वैज्ञानिक तथा मानवीय दो संस्कृतियों के मेल का तात्पर्य है-<br>(क) सामान्य दृष्टिकोण की पुनर्स्थापना । (ख) ब्रह्मांड भौतिक तथा अभौतिक दोनों<br>(ग) प्रकृति में मात्रा तथा गुण की सह-विद्यमानता (घ) मानव प्रकृति की तुलना में उत्कृष्ट है। | |
| 5. | विज्ञान ने क्या सिद्ध कर दिया है ?<br>(क) दव्य ही ऊर्जा है (ख) तथ्यों के समान ही प्रक्रियाएँ वैध हैं<br>(ग) (क) और (ख) दोनों (घ) इनमे से कोई नहीं | |

| | | |
|---|---|---|
| | व्याकरण | 1 x 4 =4 |
| 6 . | प्रश्नवाचक वाक्य को चुनकर लिखिए ?<br>(क) तुम खाओ \|<br>(ख) मेरा घर पास है \|<br>(ग) वह ! कितना सुन्दर चित्र है \|<br>(घ) तुम घर कब आओगे ? | |
| 7 . | क्या मैं जा सकता हूँ ?- अर्थ के आधार पर वाक्य भेद चुनिए<br>(क) प्रश्नवाचक<br>(ख) संकेतवाचक<br>(ग) आज्ञावाचक<br>(घ) इच्छावाचक | |
| 8. | उचित विराम चिन्ह वाले वाक्य को चुनकर लिखिए \|<br>(क) मैं और मेरा भाई नाक रहे थे ,<br>(ख) कल कौन जायेगा \|<br>(ग) मुझे भूख नहीं है \|<br>(घ) अरे तुम कब आए \| | |
| 9. | उचित विराम चिन्ह वाले वाक्य को चुनकर लिखिए \|<br>(क)राम.सोहन और दिया स्कूल गए है ;<br>(ख) क्या तुम आओगे ?<br>(ग) मुझे घर जाना है ?<br>(घ) आह बहुत दर्द हो रहा है , | |
| | पाठ्यपुस्तक | |
| 10. | निम्नलिखित प्रश्नमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए :- [ 60 शब्दों में दीजिए ] | 1 x 3 =3 |
| क . | एवेरेस्ट के विभिन्न कैम्पों के बारें में लिखिए ? | |

| | | |
|---|---|---|
| | एवरेस्ट पर चढ़ाई के लिए कुल पाँच कैंप बनाए गए। उनके दल का पहला कैंप **6000** मीटर की ऊँचाई पर था जो हिमपात से ठीक ऊपर था। दूसरा कैंप-चार **7900** मीटर की ऊँचाई पर बनाया गया था। कैंप-तीन ल्होत्से की बरफ़ीली सीधी ढलान पर बनाया गया था। यहाँ नाइलोन के तंबू लगाए गए थे। एक कैंप साउथकोल पर बनाया गया था। यहीं से अभियान दल को एवरेस्ट पर चढ़ाई करनी थी। इसके अलावा एक बेस कैंप भी बनाया गया था। | |
| ख . | तेनसिंग ने बचेंद्री से क्या कहा ?<br><br>लेखिका बताती हैं कि जब वह अप्रैल में बेस कैंप में थी, तेनजिंग अपनी सबसे छोटी सुपुत्री डेकी के साथ उनके पास आए थे। डेकी को लेखिका ने अपना परिचय यह कहकर दिया कि वह बिलकुल ही नौसिखिया हैं और एवरेस्ट उनका पहला अभियान है। तेनजिंग हँसे और उनसे कहा कि एवरेस्ट उनके लिए भी पहला अभियान है। फिर अपना हाथ लेखिका के कंधे पर रखते हुए उन्होंने कहा, “तुम एक पक्की पर्वतीय लड़की लगती हो। तुम्हें तो शिखर पर पहले ही प्रयास में पहुँच जाना चाहिए।” | |
| **11.** | निम्नलिखित प्रश्नमें से किसी एक प्रश्न  का उत्तर लिखिए :- [ **60** शब्दों में दीजिए ] | **1 x 3 =3** |
| क . | कुँए में क्या था और बच्चे क्या करते थे ?<br><br>मक्खनपुर पढ़ने जाने वाली बच्चों की टोली रास्ते में पड़ने वाले कुएँ में ढ़ेला जरूर फेंकती थी। वे बच्चे ऐसा इसलिए करते थे क्योंकि उन्हें ढ़ेला फेंके जाने पर आने वाली आवाज को सुनकर बड़ा मजा आता था। उस कुएँ के अंदर एक साँप गिर गया था। ढ़ेला फेंकने पर उस साँप की फुफकार सुनाई देती थी, जिसे सुनकर सभी बच्चों को बहुत आनन्द आता था। | |
| ख . | छोटे भाई के रोने का कारण  क्या था ?<br><br>लेखक अपने छोटे भाई के साथ मक्खनपुर डाक में चिट्ठियाँ डालने जा रहा था। उसके साथ उसका छोटा भाई भी था। उस रास्ते में एक कुआँ पड़ता था जिसमें साँप गिर पड़ा था। लेखक के मन में उसकी फुसकार सुनने की इच्छा जाग्रत हुई। उसने एक हाथ से टोपी उतारी और उसी समय दूसरे हाथ से ढेला कुएँ में फेंका। टोपी उतारते ही उसमें रखी चिट्ठियाँ कुएँ में चक्कर काटते हुए गिर रही थी।उन चिट्ठियों को बहार निकलने इ लिए जब लेखक कुँए में जाने का फैसला करता है तो छोटे भाई को लगता है कि लेखक अब कभी वापस नहीं आएगा और वह रोने लगता है \| | |
| | लेखन | |
| **12 .** | ‘एकता की शक्ति ’ विषय पर **150** शब्दों में अनुच्छेद लेखन कीजिए<br>संकेत बिंदु-<br>● विषय प्रस्तुतीकरण<br>● भाषा प्रयोग<br>● व्याकरण<br>● उदाहरण | **1x5=5** |

Prepared by - Ms Vidhya Rajesh　　HOD - Ms Vidhya Rajesh　　HOS- Mr Renson Benedict